राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

(पूर्व राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड)
राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर – 302018
www.rsmssb.rajasthan.gov.in दूरभाष नं.–0141–2722520

क्रमांक : प.8(39)/RSSB/प.आ./सू.स.सी.ऑ.प./2018/659 दिनांक : 28.09.18

विज्ञप्ति

सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के लिए सूचना सहायक के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु बोर्ड द्वारा दिनांकः 12.05.2018 को आयोजित की गई लिखित परीक्षा का परिणाम दिनांकः 26.07.2018 एवं संशोधित परिणाम दिनांकः 12.09.2018 को घोषित किया गया था, जिसमें टंकण परीक्षा (Type Test) के लिए सफल घोषित किये गये अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि :–

1. कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा **दिनांकः 05.10.2018 (शुक्रवार) को टंकण गति** परीक्षा का आयोजन जयपुर शहर में निर्धारित किये गये परीक्षा केन्द्रों पर किया जावेगा ।
2. **"प्रोविजनल ई–प्रवेशपत्र" बोर्ड की वेबसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in से दिनांकः 28.09.2018 से यथाशीघ्र डाउनलोड कर लें** । बोर्ड द्वारा परीक्षार्थियों को अलग से प्रवेश पत्र प्रेषित नहीं किये जायेंगे ।
3. रेल/बस की छत या पायदान पर बैठकर/खड़े होकर यात्रा नहीं करें। परीक्षा केन्द्र पर एवं यात्रा के दौरान अनुशासन बनाये रखें। अन्यथा आपके विरूद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज होने पर आपकी परीक्षा निरस्तीकरण की कार्यवाही भी की जा सकती है।
4. **प्रोविजनल ई–प्रवेश पत्र पर अंकित रिपोर्टिंग समय पर अपनी उपस्थिति परीक्षा केन्द्र पर दे देवें** ताकि तलाशी के उपरान्त आप समय पर परीक्षा कक्ष में नियत स्थान पर बैठ सकें। परीक्षा प्रारम्भ होने के नियत समय के पश्चात् किसी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा ।
5. परीक्षा केन्द्र पर अपना प्रोविजनल ई–प्रवेश पत्र, एक मूल फोटो युक्त पहचान पत्र यथा वोटर आई.डी. कार्ड, आधार कार्ड, पेनकार्ड, ड्राइविंग लायसेन्स आदि में से एक, **2.5cm×2.5cm** साईज का नवीनतम एक रंगीन फोटो एवं नीली स्याही का एक पारदर्शी बाल पैन साथ लेकर आवें। इनके अलावा कोई अन्य सामग्री परीक्षा केन्द्र पर लेकर नहीं आवें ।
6. परीक्षा केन्द्र में फोटो युक्त पहचान पत्र के आधार पर पहचान सुनिश्चित हो जाने एवं तलाशी के उपरान्त ही आपको प्रवेश दिया जायेगा। इस कार्य के लिए नियुक्त कार्मिकों को आप पूर्ण सहयोग दें।

.........2/–

7. परीक्षा केन्द्र के सम्बन्ध में किसी कठिनाई की स्थिति में परीक्षार्थी द्वारा बोर्ड के नियन्त्रण कक्ष, जिनके दूरभाष नम्बर बोर्ड की वेबसाईट पर उपलब्ध होंगे, से सम्पर्क किया जा सकता है ।

8. **परीक्षाओं के सम्बन्ध में विभिन्न सोशल मीडिया पर किये जा रहे भ्रामक प्रचार पर विश्वास न करें । बोर्ड द्वारा राज्य स्तरीय प्रतिष्ठित समाचार–पत्रों में एवं बोर्ड की वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर प्रकाशित विज्ञप्ति द्वारा दी गई जानकारी को ही अधिकृत माना जावे ।**

नवीनतम एवं अद्यतन सूचनाओं की जानकारी के लिए बोर्ड की वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in का नियमित रूप से अवलोकन करें ।

(रामचन्द्र बैरवा)
उप सचिव